**प्रेस विज्ञप्ति**

# इरेडा ने उत्तराखंड में खेल विज्ञान केंद्र के विकास के लिए 1.05 करोड़ रुपये आवंटित किया



नई दिल्ली, 8 अगस्त 2024

आज भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा), जोकि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अधीन एक नवरत्न पीएसयू, और एसईडब्ल्यूए -टीएचडीसी, गैर-लाभकारी पंजीकृत सोसायटी, टीएचडीसी प्रायोजित के बीच इरेडा द्वारा वित्तपोषित 1.05 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए। यह उत्तराखंड के कोटेश्वर, टिहरी में एक खेल विज्ञान केंद्र हॉल (लगभग 298 वर्ग मीटर) के विकास के लिए सीएसआर परियोजना को मंजूरी दी गई है, ताकि कयाकिंग और कैनोइंग खेलों के लिए भारतीय एथलीटों के प्रशिक्षण के लिए सपोर्ट किया जा सके।

इस एमओयू पर इरेडा की अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), सुश्री दुर्रे शाहवार और टीएचडीसीआईएल के महाप्रबंधक (एस एंड ई), श्री अमरदीप ने इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास, इरेडा के निदेशक (वित्त एवं परियोजना), डॉ. बिजय कुमार मोहंती, टीएचडीसीआईएल के निदेशक (कार्मिक), श्री शलिन्दर सिंह और इरेडा के अन्य वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर बोलते हुए इरेडा के सीएमडी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उत्तराखंड के टिहरी, कोटेश्वर में स्थित खेल विज्ञान केंद्र हॉल का विकास करना , कयाकिंग और कैनोइंग के खेल को समर्पित एक विश्व स्तरीय उच्च प्रदर्शन अकादमी के नियोजित विकास की दिशा में एक मौलिक मील का पत्थर है, जिसका लक्ष्य खिलाड़ियों का दीर्घकालिक विकास करना और उत्कृष्टता प्रदान करना है।

इरेडा के सीएमडी ने इस बात पर भी  जोर दिया कि जहां खेल संबंधी गतिविधियों में निवेश करने से स्वास्थ्य देखभाल में सुधार सुनिश्चित होता है, वहीं इरेडा का मकसद कयाकिंग और कैनोइंग के खेलों में खिलाड़ियों के समग्र स्वास्थ्य और प्रदर्शन में सुधार के लिए उन्हें उन्नत सुविधाएं प्रदान करने के लिए सहायता करना है।

यह सीएसआर पहल कंपनी अधिनियम की धारा 135 की अनुसूची VII के तहत अधिसूचित सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत आती है – जोकि  ग्रामीण खेलों, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेलों, पैरालिंपिक खेलों और ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण के लिए बढ़ावा देती है।